भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1959
दिनांक 28 **जुलाई**, 2022

महानगरीय शहरों में सिटी गैस वितरण परियोजनाएं

†1959. **श्री बी.वाई. राघवेन्द्र**:
श्री एस. मुनिस्वामी:
श्री तेजस्वी सूर्या:
डॉ. उमेश जी. जाधव:
श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बंगलुरु और अन्य महानगरीय शहरों में सिटी गैस वितरण परियोजना की स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बंगलुरु और अन्य महानगरीय शहरों में परियोजनाओं को समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या बंगलुरु और अन्य महानगरीय शहरों के किसी भी इलाके में पाइप से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति आरंभ हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या एलपीजी सिलिंडरों की तुलना में पाइपकृत प्राकृतिक गैस नागरिकों के लिए अधिक किफायती होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) प्रत्येक प्रचालनशील महानगरीय शहरों में इस परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा क्या है; और
(च) क्या सिटी गैस वितरण परियोजना अथवा इसी प्रकार की किसी अन्य परियोजना का अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (च): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी), एलपीजी सिलेंडरों की अपेक्षा उपभोक्ताओं को उपयोग में अधिक सुविधा देता है। पीएनजी के घरेलू कनेक्शन प्रदान करना और सीएनजी स्टेशनों की स्थापना करना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का एक हिस्सा है और इसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत

कंपनियों के माध्यम से किया जा रहा है। 11ए सीजीडी बोली दौर पूरा हो जाने के बाद देश की 98% आबादी और कुल 88% भौगोलिक क्षेत्र को कवर करते हुए बैंगलुरू और अन्य महानगरीय नगरों में स्थित जीएज सहित 28 राज्यों/के.शा.क्षे. में फैले 630 जिलों में 295 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) को सीजीडी नेटवर्क में कवर किया गया है। अधिकृत कम्पनियों को पीएनजी के घरेलू कनेक्शन उपलब्ध करवाना है और अपने न्यूनतम कार्य योजना (एमडब्ल्यूपी) और पीएनजीआरबी द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सीएनजी स्टेशन स्थापित करने हैं।

दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार, बैंगलुरू ग्रामीण और नगरीय जिले जीएज में सीजीडी कम्पनियों ने पीएनजी के 2,27,259 घरेलू कनेक्शन उपलब्ध करवाए हैं और 55 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं।

***